**तैयारी** | एक्सप्रेसवे के किनारे व डिफेंस कारिडोर में उद्योगों के लिए यूपीडा ने 33 जिलों में जमीन की दरें तय कीं

# लखनऊ समेत चार जिलों में सस्ते औद्योगिक प्लाट

■ अजित खरे

**लखनऊ।** यूपी के पांच एक्सप्रेसवे के किनारे बनने जा रहे इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग एंड लाजिस्टिक कलस्टर के लिए जमीन के रेट तय हो गए हैं। यह सभी पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे। निवेशको को अपनी परियोजनाएं लगाने के लिए पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड तक के विकल्प उपलब्ध होने जा रहे हैं। मेरठ, गोरखपुर व औरया में अपेक्षाकृत महंगी जमीन है तो डिफेंस कारिडोर के तहत चित्रकूट, झांसी, लखनऊ व कानपुर में जमीन काफी सस्ती है। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 11 जिलों में सबसे मेरठ में ऐसा जिला है जहां सबसे महंगी जमीन है। यहां औद्योगिक जमीन का रेट लगभग 9760 प्रतिवर्ग मीटर रखा गया है। पांच एक्सप्रेसवे के किनारे 27 कलस्टर के लिए कुल 13,240 एकड़ में जमीन का बंदोबस्त किया जाना है।



## रक्षा गलियारे वाले छह जिलों में रेट तय

सरकार ने यूपी डिफेंस कारिडोर में निवेशको के लिए जमीन के रेट तय किए हैं। अलीगढ़ में रेट 4005 रुपये प्रति वर्ग मीटर है। आगरा कारिडोर में रेट 2739 प्रतिवर्ग मीटर, चित्रकूट में रेट 860 रुपये प्रतिवर्ग मीटर, कानपुर नगर में रेट 1316 प्रतिवर्ग मीटर, लखनऊ में रेट 1716 प्रतिवर्ग मीटर रखा गया है।

## एक्सप्रेसवे के किनारे प्रमुख जिलों में इंडस्ट्रियल प्लाट के रेट (प्रति वर्ग मीटर)

| गंगा एक्सप्रेसवे | | बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे | | आगरा लखनऊ एक्स. | | पूर्वांचल एक्सप्रेसवे | | गोरखपुर लिंक एक्स. | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरठ | 9760 | औरया | 7020 | इटावा | 4310 | गाजीपुर | 6980 | अम्बेडरकरनगर | 4800 |
| संभल | 4650 | बांदा | 4660 | फिरोजाबाद | 3980 | सुल्तानपुर | 4000 | गोरखपुर | 6080 |